## जेण्डर सेन्सटाइजेशन प्रशिक्षण में पत्रकार एवं अधिवक्ता हुए शामिल

रायगढ़,(आरएनएस)। बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत चार दिवसीय जेण्डर सेन्सटाइजेशन (संवेदीकरण) प्रशिक्षण में आज सृजन सभाकक्ष में पत्रकार एवं अधिवक्तागण शामिल हुए। इस अवसर पर सेन्टर फॉर सोशल रिसर्च की प्रोजेक्ट आफिसर श्रीमती रश्मि शर्मा ने कहा कि देश के सामाजिक आर्थिक विकास में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिला सशक्तिकरण के लिए जरूरी है कि महिलाओं के प्रति सोच एवं अवधारणाओं में परिवर्तन लायें। देश में इस विचार को विकसित कर जेण्डर सेन्सटाइजेशन करने की जरूरत हैं। इसके साथ ही एक ऐसे समाज की रचना करनी है जो महिलाओं के लिए सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि बच्चों की समाजीकरण की प्रक्रिया घर से ही आरंभ होती है और वह अपने आसपास के परिवेश से सीखता है। यह जरूरी है कि परिवार में बालक एवं बालिका को अच्छे संस्कार दिए जायें। सेन्टर फॉर सोशल रिसर्च की सुकमलेश प्रेमी ने कहा कि समाज में महिलाओं एवं पुरूषों को आपस में सम्मान देना चाहिए और समानता का भाव होना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं पारम्परिक रूढ़िवादिता को दूर करने की जरूरत है। महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों जैसे घरेलू हिंसा आदि के केस में कानूनी जानकारी के अभाव में अपराध तो होते हैं पर रिपोर्ट नहीं की जाती। महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों में कमी लाने के लिए विशेष प्रयासों की जरूरत है। वहीं साईबर क्राईम के प्रति भी लोगों में चेतना लाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जेण्डर सेन्सटाइजेशन के लिए पत्रकारों एवं अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। चर्चा के दौरान पत्रकार अमित पुरोहित ने



कहा कि यह जरूरी है कि महिलाओं में कार्य के प्रति सकारात्मक भावना रहे। महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना होनी चाहिए तभी जेण्डर संवेदीकरण सार्थक हो सकेगा। उन्होंने कहा कि समय के साथ समाज में अब धीरे-धीरे महिलाओं के प्रति सकारात्मक परिवर्तन हो रहे हैं। पत्रकार नरेश शर्मा ने कहा कि महिलाओं को समाज में बेहतर माहौल मिलना चाहिए। समाज में इस दिशा में बदलाव आ रहे जो अच्छा संकेत है। इस अवसर पर पत्रकार अविनाश पाठक, मोहसीन खान, श्रीपाल, आयुष सहित समस्त अधिवक्तागण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की प्रभारी पर्यवेक्षक श्रीमती बीना पुरसेठ उपस्थित थी।

## शिक्षा विभाग में हुए पदोन्नत शिक्षक एवं लिपिक 17 तक कार्यभार ग्रहण

रायगढ़, (आरएनएस)। शिक्षा विभाग, रायगढ़ द्वारा सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ लिपिक को सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी तरह सहायक शिक्षक को प्रधान पाठक के पद पदोन्नत किया गया है। उक्त लिपिक एवं शिक्षकों को विगत 19 एवं 20 फरवरी तक नवीन पदस्थापना स्थल में कार्यभार ग्रहण करने हेतु आदेशित किया गया था। किन्तु उक्त कर्मचारी एवं सहायक शिक्षक के द्वारा आज दिनांक तक अपने नवीन पदोन्नत पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने उन सभी कर्मचारियों को 17 मार्च 2018 तक पदोन्नत संस्था में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए है। उक्त कर्मचारी यदि नियत तिथि तक कार्यभार ग्रहण नहीं करते है तो यह मान लिया जाएगा कि उन्हें पदोन्नति स्वीकार नहीं है। जिला शिक्षा कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन सहायक ग्रेड-3 लिपिक को सहायक ग्रेड-2 में पदोन्नत किया गया है इनमें जी.एल.मेहता,श्रीमती आई. चक्रवर्ती, श्रीमती राजकुमार यादव, द्वारिका प्रसाद पटेल, रमेश कहार एवं लीलाधर सिंह सिदार शामिल है। इसी तरह सहायक शिक्षक जिन्हें प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत किया गया है इनमें छतराम पटेल, हेमकुमार डनसेना, जन्मेजय राठौर, चंद्रिका प्रसाद पटेल, श्रीमती इन्दिरा राठौर, लीलाम्बर जायसवाल, अश्वनी कुमार राठौर, विजय कुमार पाण्डेय, नवल किशोर जोल्हे, लच्छराम जांगड़े, रामसाय नागवंशी, देवकुमार पैंकरा एवं श्रीमती फिलोमिना टोप्पो शामिल है।

## वाहन स्टैण्ड, कैन्टीन संचालन, सृजन सभाकक्ष, परिसर की सफाई के लिए निविदा,

रायगढ़,(आरएनएस)। जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर रायगढ़ स्थित वाहन स्टैण्ड के संचालन, कैटीन संचालन, सृजन सभाकक्ष एवं परिसर की साफ-सफाई तथा बगीचे के रख-रखाव हेतु अनुभवी व्यक्ति से वार्षिक ठेका पर कार्य करने हेतु 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 तक के लिए दिया जाना है। इच्छुक व्यक्ति 20 मार्च 2018 अपरान्ह 3 बजे तक जिला नजरात शाखा कार्यालय रायगढ़ में निविदा आवेदन जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन शाम 5 बजे समिति की उपस्थिति में प्रभारी अधिकारी नजरात शाखा जिला कार्यालय रायगढ़ के समक्ष खोला जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्ते हेतु कार्यालयीन दिवस में जिला नजरात शाखा कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में संपर्क कर सकते है ।

## लोक समाधान शिविर 12 मार्च से प्रारंभ

रायगढ़। लोक सुराज अभियान 2018 अंतर्गत लक्ष्य समाधान का तृतीय चरण 12 मार्च से प्रारंभ होगा। जिले के जनपद पंचायत में 85 एवं नगरीय निकाय में 55 लोक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत कार्यालय रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत 12 मार्च को नौघटा, 14 मार्च को पंचधार, 16 मार्च को भठली, 19 मार्च को लोधिया, 20 मार्च को अमेरी, 22 मार्च को बहलीडीह, 24 मार्च को कंठीपाली, 26 मार्च को करनपाली, 28 मार्च को तरेकेला एवं 31 मार्च को ग्राम-घोघरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की
खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090










स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931